आनन्द के पुत्र श्री पवनदीप सिंह आनन्द ने मैनेजिंग डायरेक्टर के पद पर कम्पनी की बागडोर को संभाला और न्यू जनरेशन व्हीकल्स के लिये सस्पेंशन पार्ट्स की पूरी रेंज को बाजार में उतारा आज कम्पनी द्वारा Suitable For Chevrolet, Daewoo, Fiat, Ford, Honda, Hyundai, Mahindra & Mahindra, Maruti, Mitsubishi, Nissan, Datsun, Renault, Skoda, Tata, Toyota, Volkswagen, Audi, Mercedes, BMW आदि विभिन्न गाड़ियों के पार्ट्स का निर्माण किया जा रहा है। श्री पवनदीप सिंह आनन्द ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि हमने अपना लोहा बाजार में मनवाया है इसके पीछे हमें अपनी प्रोडक्ट्स की क्वालिटी पर पूर्ण विश्वास है भारत की अग्रणी निर्माता कंपनी व उसकी पूरी टीम अपने सभी ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले प्रोडक्ट्स की पूरी रेंज कि आपूर्ति हमेशा से कर रहे हैं। उन्होने बताया कि प्रोडक्ट्स की गुणवत्ता जांच हेतु हमारे पास स्वयं का टैस्टिंग लैब है और हर प्रकार के रॉ मैटेरियल की व निर्मित प्रोडक्ड की बारीकी से जांच की जाती है। ऑटोमोबाइल क्षेत्र के लगभग 30 वर्षों के अनुभवी कम्पनी के सीनीयर जनरल मैनेजर श्री प्रकाश शर्मा ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि हमारे पास वर्तमान में लगभग 55 अपना डिस्ट्रीब्यूटर का नेटवर्क पूरे देश में फैला हुआ है। श्री शर्मा ने बताया कि हमारी टीम ने इस वर्ष देश में लॉक डाउन की विपरीत परिस्थितियों में लगभग दोगुनी क्षमता के साथ प्रोडक्शन कर विदेशों में निर्यात किया जिससे कम्पनी व देश की तरक्की में पूर्ण योगदान रहा। इसका पूरा श्रेय कम्पनी की प्लांट टीम को जाता है। श्री शर्मा ने बताया कि शीघ्र ही हम अपने प्रोडक्ट्स, पैंकिग आदि पूरे सिस्टम को एक नये अवतार के रूप में बाजार में लाने की तैयारी कर रहे है साथ ही हमनें अपने चैनल पाटनर्स व ग्राहकों की सुविधा हेतु एक एन्ड्रॉयड मोबाइल ऐप भी लांच की है जिसमें अपने प्रोडक्ट्स से जुड़ी पूरी रेंज, आर्डर बुकिंग, लिस्टींग डिस्पैच आदि सभी जानकारियों का ब्यौरा ऑनलाईन उपलब्ध होगा। आईइ ऑटो इण्डस्ट्रीयल एन्टरप्राईज प्रा. लि. कम्पनी मैनेजमैंट की यही दुरदर्शिता व समय के साथ-साथ किये जाने वाले आवश्यक बदलाव ही कम्पनी को और उंचाईयों तक ले जाने के लिये सक्षम है।











# ऐ मेरे वतन के लोगों.... गीत की यूं हुई रचना



श्री नरेश गोयल
मै. गोयल मोटर स्टोर, जयपुर

हमारे देश में स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रमों में देशभक्ति का ज्वार उमड़ता है। इस मौके पर जो गीत-संगीत सुनने में आता है उनमें से एक गीत 'ए मेरे वतन के लोगों..' सबकी जुबान पर है। जवाहर लाल नेहरू ने एक बार कहा था कि यह गीत सुनकर जिसमें भावों की रसधार नहीं फूटती, वह हिंदुस्तानी कहने लायक नहीं है। लोग इस गीत को जितना 'जन गण मन' और वंदे मातरम्' के बराबर ही सम्मान देते है। जब-जब इस गीत की चर्चा होती है तो रामचंद्र द्विवेदी 'प्रदीप' से सुनी बातों की यादें ताजा हो जाती हैं। वे एक बार संगीतकार सी. रामचंद्र जी के घर जा रहे थे जो माहिम (मुम्बई) में कहीं पास ही रहा करते थे।


sona
Driving Tomorrow
KANSAL AUTO TRADERS
123, Gurunanak Auto Market
Kashmere Gate, Delhi-110 006
Phone: (O) 011-49402354
Mobile: 9811031573, 9811031547



रामचंद्र द्विवेदी के मन में फुटपाथ पर चलते हुए भारत-चीन युद्ध के शहीदों के लिए कुछ शब्द निकले तो उन्होंने तुरंत ही साथी राहगीर से पेन लेकर एक कागज पर 'जो शहीद हुए हैं उनकी, जरा याद करो कुर्बानी' लिखकर रख लिया। कुछ दिनों बाद उन्हें दिल्ली के नेशनल स्टेडियम में शहीदों के लिए होने वाले कार्यक्रम के लिए गीत लिखने का प्रस्ताव मिला। पंक्तियां तो उनके पास पहले से ही थीं, उन्होंने प्रस्ताव को तुरंत मान लिया। इस गीत के बारे में एक टीवी चैनल पर लता जी ने कहा था, 'फिल्म का हिस्सा न होने से मुझे लगता था कि इसका प्रभाव सीमित ही होगा पर आज मेरा कोई भी कंसर्ट इस गीत को गाए बिना पूरा नहीं होता। केवल प्रदीप जी ही कहा करते थे कि लता, देखना यह गीत खूब चलेगा लोग हमेशा इसे याद रखेंगे।'। रामचंद्र द्विवेदी की पुत्री ने कहा था कि यह सही है कि श्रेय को लेकर फिल्म उद्योग में भी खूब राजनीति हुआ करती है लेकिन मैं इसे राजनीति नहीं कहती बल्कि दुर्भाग्य ही कहूंगी कि जब नेशनल स्टेडियम में वर्ष 1963 में यह गीत लता जी ने डॉ. राधाकृष्णन और पंडित नेहरू की उपस्थिति में सुनाया तो इस गीत के संगीतकार, गायक अन्य पूरी टीम तो थी पर रामचंद्र द्विवेदी वहां नहीं थे। उन्हें कार्यक्रम में बुलाया ही नहीं गया था। अकसर इस अपमान व दु:ख की चर्चा परिवार व मित्र -मंडली में होती तो रामचंद्र द्विवेदी कहते, 'जो होता है अच्छे के लिए ही होता है।' दिल्ली में इस कार्यक्रम के बाद नेहरू जी का मुंबई आना हुआ तो उन्होंने इस अमर गीत के गीतकार से मिलने की इच्छा जताई। उन्होंने रामचंद्र द्विवेदी को बुलाकर काफी देर तक बातें की और मुंबई में होने वाले कांग्रेस अधिवेशन में यह गीत सुनाने का आग्रह किया। रामचंद्र द्विवेदी बेहतरीन गायक भी रहे हैं पर उन्होंने विनम्रता से कहा कि वे यह गीत गा तो देंगे लेकिन लता जी की गायकी जैसा प्रभाव शायद नहीं ला पाएंगे। फिर भी, नेहरू के आग्रह पर उन्होंने यह गीत सुनाया।


GENUINE OE QUALITY SPARE PARTS
bro
GENUINE SPARE
AUTOMOTIVE COMPONENTS
MAKE IN INDIA
Area wise Distributor/Dealers
Required for Unrepresented Areas
Require Young Energetic
Sales Executives
Having Field Experience of Auto Trade
Please apply with full Bio-Data and
Passport size Photograph Immediately
For HCV, LCV, JEEP
CAR & TRACTORS
Manufactured By :
HIGH-TORQUE CLUTCH & AUTO INDUSTRY
Udyog Kunj, Near I.M.T., Faridabad (Harayana) India
Complete Range of Clutch System
Marketed By :
R.V. Sales Corporation
D-53, Lal Bagh, Ghaziabad-201 102 (U.P.)
+91-9716604680, 9891802422
broclutch9@gmail.com
broclutch.com


GOVT. OF INDIA
Regd. No. 315850-001
MAKE IN INDIA
INTELLECTUAL PROPERTY INDIA
PATENTS | DESIGNS | TRADE MARKS
GEOGRAPHICAL INDICATIONS
An ISO 9001:2015 Certified Co.
GXS®
Regd. No. : 847134
In your service from the last 48 YEARS
Manufacturers & Exporters of
All Kinds of Hydraulic Pressure Jacks
Mechanical Jacks & Chassis Parts
NATIONAL MANUFACTURING CO.
155, Dada Colony, Jalandhar (Punjab)
Mobile : 94170-76871, 75088-69001, 78143-91456
Email : nationalmfg.co@gmail.com Website : www.gxsautoparts.com
TATA
Mahindra
ASHOK LEYLAND
AMW
MAN
EICHER


Happy Diwali
SINCE 1979
ACC®
Regd. No. 510516 B
Oil Seals
Rubber Parts
Engine Mountings
Hose Pipes
U. J. Crosses
P. U. Bushes
C. B. Assy.
C. B. Rubbers
Exhaust Bellows
Premium Quality
AUTO REPLACEMENT PARTS
Manufactured & Marketed By
KASHMIR AUTOMOBILES (Regd.)
+91-11-23954681, 47084681 +91-9811094894 9999446325
gskohli75@gmail.com www.indiamart.com/kashmir-automobiles

15 August Happy Independence Day



# SANGAM MOTOR MARKETING CO.

## AN ISO 9001 : 2008 CERTIFIED COMPANY

Near Commercial House, Main Road Kankarbagh
Patna - 800 020 (Bihar) Phone: 09934234304, 8986492169
Email :sagammotorkhg@gmail.com

हमारे सभी चैनल पार्टनर्स को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें

"गुणवत्ता ही हमारा विज्ञापन, संतुष्टि ही हमारा ध्येय"

Excellent Marketing Team Unit Creative Working Experience 33 Years of Spare Parts For Bihar, Jharkhand & West Bengal



Marketing Team View of Sagam Motor Marketing Co., Patna



Marketing Team of Sagam Motor Marketing Co., Patna Waiting for Welcome Mr. Brajesh Maharotra (Principal Secretary Governor of Bihar)

'आज का रचनात्मक प्रयास – कल का सुनहरा भविष्य'

Head Office : SANGAM MOTORS M.G. Marg, Khagaria-851204 (Bihar) Mobile : 09934234304

# सुविधा सफलता का शत्रु है



दार्शनिक – शंभू # 09934234304

सृष्टि की उत्पत्ति से लेकर आज तक के किसी भी कालखंड की उपलब्धि की समीक्षा करें तो हम यह पाते हैं कि अभाव में ही सृजन के बीज ने वटवृक्ष का विशाल रूप धारण किया है। 'आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है।' कहावत के मूल में भी सुविधा का अभाव परिलक्षित होता रहा है। संसाधनों के अभाव में सृजन की उत्कंठा प्रबल होकर निमित्त उद्देश्य की प्राप्ति तक सतत सक्रिय और गतिशील होता आया है। सुविधा की धरातल पर आज तक उपलब्धि के फूल खिलते नहीं देखे गए हैं। संघर्ष, परिश्रम और लगन से उत्पन्न स्वअर्जित सुविधा रूपी संसाधन से ही संतुष्टि प्राप्त होती है। पूर्व से उपलब्ध साधन और सुविधा के बल पर आज तक किसी ने भी इतिहास नहीं रचा है। मौजूदा दौर की पीढ़ी में आई विकृतियों का मूल कारण सुविधा ही है जिसने आलस्य रूपी शत्रु को जन्म देकर अमूल्य मानव जीवन को उद्देश्यहीन और दिशाहीन बना दिया है।

**सुविधा से आलस्य और आलस्य से होता है पतन का मार्ग प्रशस्त**

आलस्य सुविधा की कोख से उत्पन्न एक ऐसा भाव है जो मनुष्य को कार्य करने की इजाजत नहीं देता अर्थात मनुष्य कोई भी काम नहीं करना चाहता। उसे कोई भी कार्य करना अच्छा नहीं लगता सिवाय आराम फरमाने के। सुविधा मनुष्य को मेहनत के मार्ग से दूर करते हुए दुर्गम मार्ग पर ले जाता है जिससे मनुष्य अपना दुश्मन खुद ही बन जाता है और उसे परिश्रम का महत्व समझ नहीं आता। सुविधा से निश्चित रूप से आलस्य का जन्म होता है जो असफलता, अवनति और विनाश के रूप में हमारे सम्मुख उपस्थित होता है।

**मनुष्य के नैसर्गिक उत्स को जमींदोज कर देता है सुविधा का आवरण**

ऐसी बात नहीं है कि हम सुविधा के महत्व को नकार रहे हैं बल्कि हम सुविधा के उस पक्ष को निशाना बना रहे हैं जिसकी वजह से व्यक्ति अकर्मण्य बनकर जीवन को बर्बाद कर देता है। कहने का तात्पर्य है कि सुविधा आलस्य की जननी है जो व्यक्ति की प्राकृतिक प्रतिभा और संभावनाओं को जमींदोज कर के ही दम लेती है। हमारे आसपास ऐसे कई उदाहरण भरे पड़े हैं जो यह बताने के लिए काफी हैं कि सुविधा और साधन के अभाव में ही सफल लोगों ने सफलता की लकीर खींची है। सुविधा संपन्न व्यक्ति साधनों की उपलब्धता के बावजूद भी सफल नहीं हो सकें, इसके पीछे कई मनोवैज्ञानिक कारण हैं जिसके मूल में कुछ नहीं करके सब कुछ प्राप्त करने की अभिलाषा छुपी हुई होती है।

**परिश्रम के महत्व से अनजान व्यक्ति को दुश्मन ढूंढने की कोई जरूरत नहीं, सुविधा ही है उसकी शत्रु**

**सुविधा की धरातल पर आज तक नहीं उगे हैं सफलता और संतुष्टि के फूल**

**सुविधा के कोख में पलता है आलस्य जिससे होता है सर्वस्व नाश**

**सुविधा पुरुषार्थ को कमजोर कर सफलता की शत्रु बनती है।**

सुविधा कर्म के बजाय भाग्य पर अवलम्बन के सिद्धांत को प्रगाढ़ करता है। यह पुरुषार्थ को क्षीण करता है और स्वावलम्बन के मूल तत्व को नष्ट करता है। सुविधा संपन्न व्यक्ति के व्यक्तित्व में सहज रूप से अकर्मण्यता की भावना कर्म में परिणत हो जाती है जो उसे वास्तविक सफलता से कोसों दूर ला खड़ा करता है। भौतिक वस्तुओं की प्राप्ति और स्वहित ही सफलता नहीं है बल्कि सुविधा के अभाव में भी अर्जित की गई उपलब्धि से प्राप्त आत्मसंतुष्टि ही सबसे बड़ी सफलता है। प्राप्त सुविधा से उत्पन्न सफलता मूल्यहीन है जबकि सुविधाहीन माहौल में अपेक्षाकृत कम सफलता ही अमूल्य होती है।

**अभाव और उपेक्षा से ही होता है प्रतिभा का जन्म**

इतिहास गवाह है कि जिसने भी उपेक्षा, अभाव और तिरस्कार को सहकर कुछ भी प्राप्त किया है, वही सही मायने में प्रतिभा है जबकि यूनिवर्सिटी से प्राप्त ज्ञान महज योग्यता है जिसे प्रतिभा कहना सरासर गलत है। सुविधा के सहारे व्यक्ति से व्यक्तित्व तक का सफर पूरा नहीं किया जा सकता है। जो पिता अपनी संतान को सुविधा प्रदान कर उनका भविष्य संवारना चाहते हैं, उन्हें सावधान होने की जरूरत है। सुविधा को साधन के रूप में उपयोग एक हद तक सही है किंतु आराम के रूप में इसका उपयोग पतन का मार्ग प्रशस्त करता है।

**जो सुविधा से प्राप्त होता है, वह क्षणिक होता है।**


**जो संघर्ष से हासिल होता है, वह चिरस्थाई होता है।**

**जो आसानी से मिलता है, वह ज्यादा दिन चलता नहीं, जो ज्यादा दिन चलता है, वह आसानी से मिलता नहीं।**

जो भी आजतक व्यक्ति से व्यक्तित्व बना है, संघर्ष और धैर्य उनका जीवन श्रृंगार रहा है। इन तथ्यों के आधार पर यह कहना गलत नहीं होगा कि सुविधा सफलता का शत्रु है।

TATA
Somani Enterprises
Retailer TATA MOTORS Parts for Delhi
2803, Guru Nanak Auto Market, Kashmere Gate, Delhi-110 006, Ph.: 23974715, 23943477, 64532987

# इंडिया में बढ़ रही है कनेक्टेड कारों की 'रफ्तार'!





भारत में कनेक्टेड व्हीकल्स का मार्केट नया होने के बावजूद ऑटो कंपनियां अब तक हजारों की संख्या में कनेक्टेड कारें बेच चुकी हैं। 2019 में हैक्टर नामक पहली इंटरनेट कार लांच करने वाली कम्पनी एमजी मोटर्स अब तक उसकी 62,569 यूनिट्स बेच चुकी है। होंडा ने 2020 में अपने कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजी प्लेटफार्म के तहत पांचवी पीढ़ी की होंडा सिटी कार मार्केट में उतारी थी, जिसकी 30,000 यूनिट्स अब बिक चुकी हैं।

टाटा मोटर्स ने 2020 में अपना अलग कनेक्टेड व्हीकल्स प्लेटफार्म (सीवीपी) विकसित किया था जिसका उपयोग टाटा मोटर्स की हर कार में किया जा रहा है। टाटा मोटर्स के प्रेसिडेंट व सीटीओ राजेन्द्र पेटकर ने कहा कि इंडस्ट्री में पहली बार टाटा मोटर्स ने इस तरह का प्लेटफार्म बनाया है। फिलहाल सीवीपी प्लेटफार्म पर 1,55,000 व्हीकल्स तैयार किए गए हैं, जिनमें 1,20,000 कमर्शियल व्हीकल्स हैं, 20,000 से ज्यादा पैसेंजर व्हीकल्स हैं और 5800 से ज्यादा इलेक्ट्रिक व्हीकल्स हैं।

कनेक्टेड कार बुनियादी रूप से इंटरनेट से जुड़ी होती है, जिससे कस्टमर्स को कई सुविधाएं मिलती हैं। व्हीकल के इंटरनेट से जुड़ने पर यूजर के टेक्नोलॉजी एक्सपीरियंस को पंख लग जाते हैं व व्हीकल की सिक्योरिटी, नेविगेशन सर्विसेज और चोरी रोकने जैसी सुविधाएं यूजर को मिलती हैं। कमर्शियल व्हीकल्स में फ्यूल एफिशियंसी या ड्राइवर बिहेविअर पैटर्न का अध्ययन किया जा सकता है और मॉनीटरिंग की जा सकती है।

बिजनेस टु बिजनेस (बी2बी) के लिहाज से देखें तो कनेक्टेड टेक्नोलॉजी का एडॉप्शन कमर्शियल व्हीकल्स में ज्यादा है, क्योंकि उन्हें कॉस्ट कम करने और एफिशियंसी बढ़ाने की चिंता रहती है। अशोक लीलैंड के चीफ डिजिटल ऑफिसर वेंकटेश नटराजन ने कहा कि उनका कनेक्टेड टेक प्लेटफार्म आईअलर्ट हैवी कमर्शियल व्हीकल्स सेगमेंट में 2017 से स्टैंडर्ड ऑफरिंग है। वोल्वो आईशर ने बीएस-4 नियम लागू होने से पहले ही अपने व्हीकल्स में कनेक्टेड टेक कैपेबिलिटीज उपलब्ध करवा दी थी। वोल्वो आइशर कमर्शियल व्हीकल्स के एमडी व सीईओ विनोद अग्रवाल ने कहा कि मुख्य उद्देश्य कस्टमर्स की कॉस्ट कम करना और फ्यूल एफिशियंसी बढ़ाना है। इससे साथ ही इससे ड्राइवर बिहेविअर की मॉनीटरिंग भी होती है। बीएस-4 लांच होने के बाद से अब तक उनकी कम्पनी 50,000 कनेक्टेड कॉमर्शियल व्हीकल्स बेच चुकी है।

कनेक्टेड व्हीकल्स की मुख्य जरूरत है हाई-स्पीट इंटरनेट, लेकिन भारत में अभी 5 जी कमर्शियल सर्विसेज का चलन शुरू नहीं हुआ है। कैपजेमिनी इंजीनियरिंग इंडिया के सीनियर डायरेक्ट खलील नाथानी जैसे एनालिस्ट मानते हैं कि कनेक्टेड व्हीकल्स में 5जी के इंटरनेशनल एडॉप्शन में भारत 2 साल पीछे रह सकता है।

अमेरिका जैसे ग्लोबल मार्केट 2025 तक 5जी-कनेक्टेड कार के मामले में मेच्योर हो जाएंगे, जबकि भारत के ओईएम (ओरिजनल इक्विपमेंट मेकर्स) 5जी स्पेस में हो रहे डवलपमेंट्स को लेकर खामोश है।

इस समय जहां नेट कनेक्टिविटी तेजी से बढ़ रही है, वहीं कनेक्टेड कार स्पेस में इसका चलन बढ़ रहा है और भारत में 5जी आना अभी बाकी है। नाथानी कहते हैं कि 5जी-कनेक्टेड टेक के पहले कमर्शियल डिप्लॉयमेंट में कम से कम 2 साल का समय लगेगा।

S3 BEARINGS
Distributor/Stockist:
Krishna Automobiles
Opp. Shakti Resort, N.H. No. 8, BAHROD - 30170 (Raj.)
Mobile : 09414284299


# 'आज के युवाओं को संदेश कि ..... अपना बसंती चोला रंग लो'



हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि यह आजादी जो कईयों के बलिदान के बाद हासिल हुई है, उसे बचाने के लिए वे भी बलिदान देने के लिए तैयार रहें। लेकिन हम तो सोचते हैं कि हम सिक्योर है।

गुलामी में जो हम पर बीता, देश पर बीता, उसे आज के दौर के लोगों ने नहीं देखा। दूसरी बात यह है कि जो-जो देश की खातिर फांसी के फंदे पर झूल गए, जिन्होंने लाठियां खाई, जिन्होंने काला पानी की सजा काटी..... उनकी जीवनी स्कूल-कॉलेज में लोगों को पढ़ने के लिए नहीं मिली। एक बात बताता हूं, पर किसी की निंदा नहीं कर रहा हूं। एक फिल्म की शूटिंग कर रहा था और मेरे साथ जानी-मानी हीरोइन थीं। शॉट के बीच में मुझे टाइम मिलता था, तो लिखने बैठ जाता था। उन्होंने मुझसे पूछा कि आप क्या लिख रहे है? मैने कहा कि भगत सिंह पर कहानी लिख रहा हूं। उनके एक्सप्रेशन से मुझे लगा कि इनसे पूछूं। मैंने कहा-आप जानती हैं कि भगत सिंह कौन थे? उन्होंने कहा-ऑफ कोर्स, जानती हूं। मैने कहां-कौन थे? उन्होंने कहा-डाकू। उस वक्त मैने सोचा कि अब यह फिल्म तो जरूर बनाएंगे। अपने मित्र केवल कश्यप के साथ मिलकर फिल्म बनाई तो लोगों को लगा कि भगत सिंह कोई था। मैं सन् 1956 में मुंबई आया। शिवाजी पार्क में रहता था। पता लगा कि वीर सावरकर जी नजदीक में ही रहते है। कई बार उनसे मिलने गया तो उनके पांव दबाने का मौका मिला। मैं पंजाब गया तो भगत सिंह की माता जी के पांव छूने का मौका मिला। उनके लिए हॉस्पिटल गया। बटुकेश्वर दत्त से मिला। मैने 1947 का बंटवारा और रिफ्यूजी कैंप देखा है। हमारे तन मन पर बीती है। तो आज की पीढ़ी को जितने जतन से दिखाना चाहिए हम दिखा नहीं पाए। हमारी जो सरकारें रहीं उन्होंने भगत सिंह, नेता सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद आदि जितने भी क्रांतिकारी हुए उनके बारे में बच्चों को पढ़ने नहीं दिया। बच्चों ने तो यही सुना कि दे दी हमें आजादी बिना खड्ग बिना ढाल...। वह समझते हैं कि उन्हें ऐसे ही आजादी मिल गई।

आज के युवाओं को अपने कर्तव्य नहीं पता कि उन्हें देश के प्रति क्या करना है। उनको यही पता है कि अपने लिए क्या करना है। आज के युवाओं से यही कहूंगा कि अपना बसंती चोला रंग लो।'






**राष्ट्र के निर्माण में धर्म और राष्ट्रवाद दो अहम स्तंभ हैं। संविधान और दर्शन पर हमारे देश के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. एस. राधाकृष्णन की दृष्टि अद्वितीय है। इसका प्रमाण है उनकी चिंतन श्रृंखला की पुस्तक 'रिकवरी ऑफ फेथ' जिसके हिन्दी अनुवाद 'सत्य की ओर' से उद्धृत अंश।**

# देश, धर्म और राष्ट्रवाद के मायने




**जापान में धर्म का प्रयोग राज्य संगठित करने और दृढ़ करने में किया जाता है। मुहम्मद एक धर्म और एक राष्ट्र के संस्थापक है। दुर्बल एवं परतंत्र देशों में राष्ट्रीयता स्वयं एक धर्म बन गई है।**

धर्म का कबाइली रूप बहुत प्रारंभिक समय से मिलता है। इस समय धर्म का कार्य अपने अनुयायियों को देशभक्तिपूर्ण वश्यता से प्रशिक्षित करना था। (इजराइल) ईश्वर के रूप में याहवा उन लोगों की राष्ट्रीय चेतना, इजराइल की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधि था। यहूदी एक बड़े परिवार, एक फिर्के के सदस्य थे: ओ यरूशलम! यदि मै तुझे भूलूं तो मेरा दाहिना हाथ अपनी कुशलता भूल जाए। यदि मैं तुझे याद न रखूं तो मेरी जिहवा मेरे तालू में चिपट जाए। ओ यरूशलम? प्रत्येक यूनानी गांव में कोई विशेष वृक्ष, स्रोत या मंदिर होता था जो वहां के किसी देवता या नायक के प्रति अर्पित होता था। वह देवता या नायक ही उनकी रक्षा करता था। जापान में धर्म का प्रयोग राज्य को संगठित करने और दृढ़ करने में किया जाता है। मुहम्मद एक धर्म और एक राष्ट्र के संस्थापक है। दुर्बल एवं परतंत्र देशों राष्ट्रीयता स्वयं एक धर्म बन गई है। आत्म सम्मान की प्राथमिक भावना को जागृत करके यह भ्रमित एवं संघर्षशील जातियों को रचनात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित करती है। वह उन्हें आत्मविश्वास एवं एक्य की भावना देती है, तथा अपने देश का एक मिशन है, एक नियुक्त कार्य है, इसमें उनका विश्वास पैदा करती है। वे लोग, जो अपने को धार्मिक कहते है, राष्ट्र-राज्य की प्रशंसा करते नहीं अघाते। लगभग सभी देशों में, शिक्षण संस्थाओं में सिखाया जाने वाला धर्म शिंतो मत का स्थानीय संस्करण मात्र ही तो है जिसमें झंडे की सलामी और राष्ट्रगीत का गायन सम्मिलित है। किसी ने कहा था, 'इंग्लैंड का एक धर्म है, इसका धर्म है इंग्लैंड।' राष्ट्रवाद एक राजनीतिक धर्म है जो मनुष्यों के हृदयों एवं आकांक्षाओं में उथल-पुथल कर देता है और उन्हें इस प्रकार सेवा एवं आत्मत्याग की ओर प्रेरित करता है कि आधुनिक समय में किसी विशुद्ध धार्मिक आंदोलन ने वैसा नहीं किया। यह अधिकृत स्वर में बोलता है और हमारे मनोवेगों को स्पर्श करता है। राष्ट्रों का दावा है कि वे संसार में दैवेच्छा की सर्वोच्च अभिव्यक्ति है। जर्मन ईसाइयों ने स्वीकार किया कि 'हिटलर के माध्यम से ईसा हमारे बीच शक्तिमान हो गए इसलिए राष्ट्रीय समाजवाद (नेशनल सोशलिज्म) आचरण या धर्म में व्यक्त ईसाइयत है।' धर्म को उदार सार्वदेशिक और सब मानव वर्गों तथा मानवीय परिस्थितियों में प्रयुक्त किए जाने योग्य होना चाहिए। राष्ट्रवाद इस भावना पर आघात करता है। जब तक कोई धर्म किसी वर्ग किसी वर्ग, श्रेणी या राष्ट्र की कार्यपरिधि से बाहर नहीं निकलता तब तक उसका यह दावा स्वीकार नहीं किया जा सकता कि वह सन्मार्ग का अनुसरण कर रहा है। किसी समूह की, भले वह राष्ट्र ही

**राष्ट्रवाद एक राजनीतिक धर्म है जो मनुष्यों के हृदयों एवं आकांक्षाओं में उथल-पुथल कर देता है और उन्हें इस प्रकार सेवा एवं आत्मत्याग की ओर प्रेरित करता है कि आधुनिक समय में किसी विशुद्ध धार्मिक आंदोलन ने वैसा नहीं किया।**



# देश, धर्म और.....

क्यों न हो, पूजा ईश्वर को राष्ट्रीयता की एक उपाधि मात्र मानकर छोड़ देती है। जब कोई राष्ट्र अपने को दैवी, ईश्वरीय मान लेता है और उसका यह विश्वास बन सकता है कि अपने सत्य से केवल वहीं सबका रक्षण कर सकता है तथा केवल वहीं संसार को ऊपर उठाने में सक्षम है तब शक्ति और उपनिवेशों की चाह का प्रादुर्भाव होता है। जहां तक मानवतावाद का सवाल है तो यह शाश्वत आकांक्षाओं, अनुभूतियों और धार्मिकता के लिए बुभुझा एवं पिपासा तथा उत्पीड़न एवं प्राणोत्सर्ग के लिए तैयारी की ओर ध्यान नहीं देता है। एक अफलातून मत ऐसा भी है जो हमारे मानस के लिए देशी, अपना जैसा लगता है। इसमें शाश्वत मूल्यों को श्रेष्ठता प्रदान की गई है। इन्फनों के चतुर्थ सर्ग में दांते हमारे सामने लिम्बो का चित्र रखता है। यह लिम्बो वर्जिल एवं होमर जैसे पुरातन महाकवियों, अरस्तु तथा अन्य महान दार्शनिकों, हेक्टर एनियस, सीजर एवं अन्य वीरों का देश है। मनुष्य मनुष्य की हैसियत से, अपने दार्शनिक चिंतन, कलात्मक सर्जन तथा नैतिक एंव राजनीतिक प्रयत्नों द्वारा जिस सर्वोत्तम सुख की आशा कर सकता है, वह वेदनारहित, दुखरहित जीवन है किंतु




आकांक्षारहित जीवन नहीं है। इन श्रेष्ठ विचारकों, कलाकारों, एवं वीरों ने कोई गलती नहीं की थी किंतु उनकी योग्यताएं इस धरती पर उनके लिए सुषमाजनक एवं आगामी लोक के लिए यशस्वी नहीं हो सकी। उनका जीवन आशारहित कामना का जीवन है। बस इतना ही आनंद, दांते के अनुसार मानवतावाद देता है। ज्ञानियों का गुरु अरस्तू, 'वहीं रहता है पर वह स्थान स्वर्ग नहीं है।' दांते उस अरस्तु के लिए न्याय नहीं करता जिसका मन है कि सबसे पवित्र एवं कम से कम स्वार्थपूर्ण संतोष जो मनुष्य को ज्ञात है, वह ज्ञान के लिए ज्ञान प्राप्त करना। शुद्ध ज्ञान का आनंद अक्षय है। यह स्वयं ईश्वर की क्रियाशीलता में, विशुद्ध चिंतन के उसके नित्य जीवन में भाग लेता है। मानवतावाद धर्म के इन रूपों के प्रति एक उचित विरोध है जो लौकिक एवं पवित्र में भेद करते हैं, काल एवं नित्य का विभोजन कर देते हैं तथा आत्मा एवं देह के एक्य को खण्डित करते हैं। धर्म या तो सब कुछ है या कुछ नहीं है। प्रत्येक धर्म के मानव की मर्यादा तथा मानव-व्यक्तित्व के अधिकारों के प्रति पर्याप्त आदर-सम्मान रखना चाहिए। यदि हम धर्म का तिरस्कार करेंगे, उसकी निंदा करेंगे तो हम उपर्युक्त बातों की रक्षा नहीं कर सकते। जैसा कि सुकरात से मिलने आए हुए भारतीय ने कहा था, 'यदि हम ईश्वर के विषय में कुछ नहीं जानते तो मनुष्य के विषय में भी कुछ नहीं जान सकते।' जो कुछ सत्यत' मानवीय है उसकी पूर्णता धर्म है आज मानवतावाद एक आत्मा की खोज में है।

DAUS™ FORGE
styr™ Crank & All. Ind.
An ISO 9001:2008 Certified Company
JAS-ANZ ACC No. M31112041N
→ Crank Shaft
→ Connecting Rod
→ Cam Shaft
Crank Shaft Range for Automobile Tractor & Compressor
- Perkins/Massey Ferguson
- Mahindra & Mahindra
- Eicher Tractor
- New Holland
- Powertrac
- Farmtrac
- Sonalika
- Kirloskar
- Escorts
- Swaraj
- Ford
- HMT
- Maruti Suzuki
- Eicher Canter
- Swaraj Mazda
- Shaktiman
- Leyland
- Toyota
- Tata
- Atlas Capco
- K.G. Khosla
- Rustan
- Hino



SURI SPARES (INDIA)
Specialist in : Crank Shaft
3/2778, Rajasthan Motor Market, Hamilton Road
Mori Gate, Delhi-110006, **Phone:** +91-11-23937336
**Mobile:** +91-9811079459
**E-mail:** surispares@gmail.com

# BharatBenz expands presence in South with 4 new dealerships

Daimler India Commercial Vehicles (DICV) has announced the opening of new touchpoints for BharatBenz commercial vehicles in the Southern Region. The new dealerships are in Kolar and Davanagere in Karnataka, Bhimavaram in Andhra Pradesh, and Kasaragod in Kerala. DICV also inaugurated two new outlets to deliver parts in Theni and Tiruvarur in Tamil Nadu.

The continued expansion demonstrates DICV's firm commitment to the Indian market and BharatBenz community. The new touchpoints increase BharatBenz network's monthly service capacity to over 6,000 job cards per annum.

Rajaram Krishnamurthy, VP Marketing, Sales and Customer Service, said: "Our goal is to increase customer convenience and offer state-of-the-art experience through our products and services. To ensure ease of servicing and access to customers, our goal is to minimize the distance between dealerships. The new dealerships that we have opened reiterate commitment to our customers and confidence in the growth of the southern CV market."




On-ground touch points are an integral aspect of BharatBenz's growth trajectory and continue to remain a focus area. Last year, DICV had announced 10 touchpoints in a single day and its plan to have 350 dealerships by the end of 2022.

A-1 AUTO CARE
AUTO FIT
DISTRIBUTOR ENQUIRES ARE SOLICITED
CORRECT REPLACEMENT OF O. E. PARTS
*Manufacturer of :*
SPRING PIN, CENTRE BOLTS, HYDRAULIC JACKS
For
REPLACEMENT MARKET
EXPORT MARKET
AS PER DRAWINGS PROVIDED


ACCURATE ENGINEERS
B-XXIX, House No. 536/28-B1, Industrial Area-C, Sua Road,
Ashirwad Kande Wali Gali, Gias Pura, Dhandari Kalan, Ludhiana-141010
Phone : 0161-5029842 Cell: +91-9357695387, 9316655111
Email: accurate.engineersldh@gmail.com

# टोयोटा किर्लोस्कर सेल्फ-चार्जिंग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी पर वारंटी बढ़ाएगी

TOYOTA

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने कहा कि वह अपने सेल्फ-चार्जिंग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों (एचएचईवी) की बैटरी पर वारंटी बढ़ा रही है, जो अगस्त से प्रभावी है। बयान के मुताबिक कम्पनी सभी एसएचईवी मॉडलों-टोयोटा कैमरी और वेलफायर के लिए मौजूदा वारंटी, जो तीन साल या 100,000 किमी. के लिए है, को बढ़ाकर 8 साल या 1,60,000 किमी. (जो भी पहले हो) कर रहा है, जो एक अगस्त 2021 से प्रभावी है। टोयोटा किर्लोस्कर ने कहा कि यह कदम देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करने की कम्पनी की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। टीकेएम के संयुक्त महाप्रबंधन (बिक्री और रणनीतिक विपणन) वी विसेलिन सिगामनी ने कहा, ''लंबी बैटरी वारंटी के जरिए हम हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने और देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रसार को बढ़ाने वाले ग्राहकों को प्रोत्साहित कर रहे हैं।''



# Elofic Industries celebrates 70 years of success



elofic -Traditionally Futuristic
70 CELEBRATING PLATINUM YEAR

Keeping the passion alive

***The company management reiterated that it will continue to strive for a prospective future for its business and to make people's life synchronous with advancements in time***

Elofic Industries Limited, a renowned player in the automotive filter manufacturing industry, recently celebrated the 70th anniversary of its founding and triumphant growth over the years. "Evolving from a cottage industry level to a globally renowned player, Elofic Industries looks back and credits hard work, perseverance, business ethics and innovative thinking of its workforce for all the glories. It has outdone its contemporaries and carved a niche in the international arena too," states a press release. Founded in 1951 by M S Sahni, the company is engaged in transforming the filtration industry with a futuristic approach and pro-environmental techniques.



*M.B. Sahni, Managing Director (right), and K.D. Sahni, Jt. Managing Director, Elofic Industries*

It has been consistently successful in marketing lubricating oils and grease, filtration products, coolants and air purifiers. Elofic Industries has six modern filter manufacturing facilities – three at Faridabad in Haryana, the fourth at Hosur in Tamil Nadu, the fifth at Nalagarh in Himachal Pradesh and the sixth one – an injection moulding plant – at Noida. Manned by a highly skilled workforce, qualified design engineers combined with innovative and prolific research and development capabilities, Elofic Industries has gained worldwide recognition and advancement. The sophisticated infrastructure and up-to-date processes makes Elofic Industries on the go.

Supplying filters in the domestic automobiles filter market and OEMs, the company is among the most preferred vendors of leading OEMs like Tata Motors, Mahindra and Mahindra, New Holland, Maruti Suzuki, and many more. In the event celebrated live over Facebook, Elofic Industries received salutations and encouraging messages from all stakeholders, including the Automotive Component Manufacturers Association, media partners, OEMs, suppliers, channel partners, retailers, mechanics, former team members and international customers from across the globe.

Through a video message, Vice Chairman cum Joint Managing Director K D Sahni relayed the business integrity of Elofic Industries and said, "Doing business the fair way has been one of our main core values for the last 70 years. Being futuristic has been our traditional strife, thus focusing on research and development. Developing new products and new processes has always been our priority area, and that's the reason why Elofic Industries has always been the leader and shall continue to be one." Chairman cum Managing Director M B Sahni commented, "We manufacture around 500 filters per minute. We never compromise on the quality of our products as we shop around the world to procure the best possible equipment and materials."




AIAQ-BAR QMS ACCREDITED
ISO 9001 : 2015 Certified

FAI Auto Industry

DISTRIBUTOR ENQUIRIES SOLICITED

OUR RANGE

Largest Customer Network After Market | Export

Manufacturer & Exporters of All Type of Flywheel Ring Gear

FITWELL AUTO INDUSTRY

Plot No. 48, Ajay Nagar, Backside Indl/Estate, Jalandhar - 144004 (Pb.)
Mobile : 9357753996, 9357253996, 9317908900
Email : fairing125@gmail.com, asmadaan@gmail.com

# चारधाम यात्रा का बेहतर समय है सितम्बर




चारों मंदिरों के कपाट खुलने के साथ ही आधिकारिक रूप से अप्रेल में चार धाम की यात्रा शुरू हो गई थी। इसके बाद यात्रा चली और मानसून के दौरान कई बार यात्रा रोकी गई है। पहाड़ दरकने, सड़क मार्ग खराब होने के कारण यात्रा बाधित हुई है। इस समय भी उत्तराखंड में गम्भीर स्थिति बनी हुई है। नदियां उफान पर हैं और यात्रा मार्ग जगह-जगह खराब हो गया है। इसलिए यात्रा के लिए सितम्बर में जाना ही बेहतर होगा।

**यमुनौत्री :** यमुनोत्री को चारधाम यात्रा का पहला पड़ाव कहा जाता है। यहां यमुना का पहाड़ी शैली में बना मनमोहक मंदिर है और मंदिर के पास ही खौलते पानी का स्त्रोत है जो तीर्थ यात्रियों के आकर्षण का केंद्र है। यमुनोत्री पहुंचने के लिए आप दिल्ली से देहरादून या ऋषिकेश तक हवाई यात्रा या रेल यात्रा से पहुंच सकते हैं। यहां से आगे सड़क मार्ग और आखिरी कुछ किलोमीटर पैदल चलकर यमुनोत्री पहुंच सकते हैं।

**गंगोत्री :** चारधाम यात्रा का दूसरा पड़ाव गंगोत्री है। यमुनोत्री के दर्शन कर तीर्थ यात्री गंगोत्री में गंगा माता की पूजा के लिए पहुंचते है। गंगा का प्राकृतिक स्त्रोत गोमुख ग्लेशियर गंगोत्री से 18 किलोमीटर दूर है। यमुनोत्री से गंगोत्री की सड़क मार्ग से दूरी 219 किलोमीटर है जबकि ऋषिकेश से गंगोत्री की दूरी 265 किलोमीटर है और वहां से वाहन से सीधे पहुंचा जा सकता है।

**केदारनाथ :** चारधाम यात्रा का तीसरा पड़ाव केदारनाथ धाम है जो उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग जिले में आता है। ऋषिकेश से गौरीकुण्ड की दूरी 76 किलोमीटर है और यहां से 18 किलोमीटर की दूरी तय करके केदारनाथ पहुंच सकते हैं। केदारनाथ और लिंचैली के बीच 4 मीटर चौड़ी सीमेंटेड सड़क बना दी गई है जिससे श्रद्धालु आसानी से केदारनाथ पहुंच सकते हैं।

**ब्रदीनाथ :** बद्रीनाथ धाम तक गाड़ियां जाती हैं इसलिए यहां मौसम अनुकूल होने पर पैदल नहीं जाना पड़ता। ब्रदीनाथ को 'बैकुण्ठ धाम' भी कहा जाता है। यहां पहुंचने के लिए ऋषिकेश से देवप्रयाग, श्रीनगर, रूद्रप्रयाग, कर्णप्रयाग, चमोली और गोविन्दघाट होते हुए पहुंचा जा सकता है।

केदारनाथ और बद्रीनाथ के बीच कई और मंदिर भी हैं जिनके दर्शन तीर्थ यात्री कर सकते हैं। इनमें भविष्यब्रदी मंदिर, नृसिंह मंदिर, बासुदेव मंदिर, जोशीमठ जैसे मंदिर ब्रदीनाथ यात्रा मार्ग के आसपास हैं जबकि केदारनाथ मार्ग पर विश्वनाथ मंदिर, गुप्तकाशी, मदमहेश्वर मंदिर, महाकाली मंदिर शामिल है। इसके अलावा 5 प्रयागों में से रूद्रप्रयाग, देवप्रयाग केदार मार्ग पर और कर्णप्रयाग, नंदप्रयाग और विष्णुप्रयाग ब्रदीनाथ मार्ग पर पड़ते हैं। चारधाम की यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालु और तीर्थ यात्री इन मंदिरों में भी जाते हैं।

वैसे तो चारधाम यात्रा हर साल अप्रेल महीने में शुरू होती है और अक्टूबर-नवंबर में खत्म हो जाती है लेकिन सितंबर का महीना इस यात्रा का पीक सीजन होता है क्योंकि जून से अगस्त के बीच इस इलाके में भारी बारिश होती है जिसकी वजह से तीर्थ यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सितम्ब्र चारधाम यात्रा पर जाने का सबसे उत्तम समय है।

## यात्रा के दौरान रखें ध्यान

- सिर्फ चारधाम यात्रा ही नहीं बल्कि किसी भी यात्रा के दौरान आपको अपनी जरूरी दवाइयां हमेशा साथ रखनी चाहिए।
- इसके अलावा छोटी-मोटी सामान्य परेशानियों जैसे पेट दर्द, उल्टी, सिरदर्द, बुखार की दवा के अलावा क्रीम और पेन रिलीफ स्प्रे भी साथ रखना चाहिए।
- यात्रा के दौरान गर्म और ऊनी कपड़े साथ रखें क्योंकि इस क्षेत्र का मौसम हमेशा ठंडा रहता है और ऊंचाई पर तो ठंड ज्यादा बढ़ जाती है।
- इसके अलावा एक अच्छी टॉर्च भी साथ जरूर रखें।
- हो सके तो चारधाम की यात्रा अकेले करने की बजाए दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ करें क्योंकि रूट कठिन होने की वजह से मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।
- समय-समय पर परिवारवालों को खैर खबर करते रहें।
- ताजा और कम भोजन लेने का प्रयास करें, तरल पदार्थों का सेवन ज्यादा करें।
- वैसे मान्यता यह भी है कि जिसे ईश्वर ने चार धाम की यात्रा के लिये बुलाया हो, उसका ध्यान भी वे स्वयं ही रखते हैं।

शरीर की मजबूती के लिए आयरन बहुत जरूरी है। इसकी कमी कई तरह की बीमारियों का कारण बनती है। इसकी कमी से एनीमिया होता है, हृदय और फेफड़ों सम्बन्धित रोग हो सकते हैं, यहां तक की संक्रमण और अन्य वायरल बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। जरूरी है कि इसकी कमी को पहचानें और दूर करें।

# आयरन कम , तो थकान व कमजोरी ज्यादा



## अधिक थकान रहना

हमेशा थकान महसूस करना शरीर में आयरन की कमी के संकेत हैं। इसकी कमी से शरीर में हीमोग्लोबिन नहीं बनता। पर्याप्त हीमोग्लोबिन के बिना मांसपेशियों तक ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती, जिसके कारण शरीर में थकावट महसूस होती है।

## त्वचा का रंग बदलना

त्वचा का रंग फीका पड़ गया है तो यह आयरन की कमी है। इसकी कमी के कारण त्वचा का रंग गुलाबी से सफेद पड़ने लगता है। आंखे निस्तेज नजर आने लगती हैं, खासतौर पर मुट्ठी बांधने पर नाखूनों का रंग सफेद दिखाई देता है।

## लगातार सिरदर्द रहना

खून में आयरन की कमी के कारण ऑक्सीजन हमारे मस्तिष्क तक नहीं पहुंचती। इसी वजह से हमारे मस्तिष्क की रक्त वाहिकाओं पर दबाव पड़ता है, जिससे सूजन आने और सिरदर्द की समस्या होने लगती है।

## चलने पर सांस फूलना

जब हृदय तक ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती, तो सीढ़िया चढ़ने, चलने या दौड़ने जैसी गतिविधियों के दौरान सांस लेने में दिक्कत होने लगती है। यहां तक की छोटे-छोटे व्यायाम करने पर भी धड़कन तेज हो जाती है और सांस फूलने लगती है।




## ऐसे कमी दूर करें



### चुकंदर

चुकंदर और गाजर का रस मिलाकर सेवन करें। चुकंदर को भाप में हल्का सा पकाकर सलाद की तरह खा सकते हैं। इसे कच्चा नहीं खाएं क्योंकि इससे गला छिल सकता है।



### फल-सब्जियां

पालक, मेथी, ब्रोकॉली, लौकी, गोभी, पत्तागोभी, शलजम, नींबू, शकरकंद, आहार में शामिल करें। वहीं फलों में सेब, अनार, केला आंवला, जामुन का सेवन करें।

### सूखे मेवे



दो अंजीर और थोड़ी-सी किशमिश रात को पानी में भिगोकर सुबह खाली पेट खाने से हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ाया जा सकता है। बादाम, अखरोट और पिस्ता भी खाएं।

### गुड-मूंगफली



मूंगफली और कुटे हुए गुड को मिलाकर रोज खाएं। रोज आधा मुट्ठी इसे खाएं। इसे चबा-चबा कर खाने से खून की कमी दूर होगी और हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ेगा।

15 August Happy Independence Day

# टॉप ऑटो कम्पनियों की सेल्स में डबल-डिजिट ग्रोथ




मारुति सुजुकी इण्डिया, हुदै और टाटा मोटर्स सहित शीर्ष ऑटो कम्पनियों ने व्यापक आर्थिक कारकों के स्थिरीकरण और बेहतर उपभोक्ता भावनाओं के चलते जुलाई में अपने डोमेस्टिक सेल्स में डबल डिजिट की ग्रोथ दर्ज की। इसी तरह होण्डा, निसान, एमजी मोटर और स्कोडा ने भी सेमी-कंडक्टर की सप्लाई की कमी के बावजूद, कोविड-19 की कम संक्रमण दर के बीच बाजार के मिजाज में सुधार के कारण पिछले महिने सेल्स में मजबूत ग्रोथ दर्ज की।

देश की सबसे बड़ी कार कम्पनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की सेल्स जुलाई में 50 प्रतिशत बढ़कर 162,462 यूनिट्स पर पहुंच गई। इससे पिछले साल के समान महीने में कम्पनी ने 1,08,064 वाहन बेचे थे। घरेलू बाजार में कम्पनी की सेल्स 39 प्रतिशत बढ़कर 1,41,238 यूनिट्स रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 1,01,307 यूनिट्स रही थी। कम्पनी की मिनी कारों -ऑल्टो तथा वैगन आर की सेल्स 19,685 यूनिट्स रही, जो जुलाई 2020 में 17,258 यूनिट्स रही थी। कॉम्पैक्ट खंड.. स्विफ्ट, सेलेरियो, इग्निस, बलेनो और डिजायर की सेल्स 70,268 यूनिट्स रही, जो एक साल पहले 51,529 यूनिट्स रही थी। कम्पनी ने इस महीने में मध्यम आकार की सेडान सियाज की 1,450 यूनिट्स बेचीं। एक साल पहले यह आंकड़ा 1,303 यूनिट्स का रहा था।

कम्पनी के यूटिलिटी वाहनों-विटारा ब्रेजा, एस-क्रॉस और एर्टिगा की सेल्स 32,272 यूनिट्स रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 19,177 यूनिट्स रही थी। प्रतिद्वंद्वी कम्पनी हुदै मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) की जुलाई महीने में घरेलू बाजार में सेल्स 26 प्रतिशत बढ़कर 48,042 यूनिट्स रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 38,200 यूनिट्स थी। कम्पनी ने यह सेल्स अपने नये मॉडल अल्काजार और क्रेटा, आई20 एवं वेन्यू जैसे दूसरे उत्पादों के शानदार प्रदर्शन के सहारे किया। कम्पनी के निदेशक (सेल्स, विपणन एवं सेवा) तरुण गर्ग ने कहा, वृहद आर्थिक कारकों के स्थिरीकरण, अच्छे मानसून और व्यक्तिगत गतिशीलता की ओर उपभोक्ता के रुझान में वृद्धि के साथ यात्री वाहन उद्योग में एक सकारात्मक वृद्धि की गति स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। (शेष पृष्ठ 51 पर)

### प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनियों की जुलाई 2021 में सेल्स

| Company | Sales (in units) | | |
|---|---|---|---|
| | July.21 | June 20 | %Change |
| **Passenger Vehicles** | | | |
| Maruti Suzuki | 133732 | 124280 | 8 |
| Hyundai | 48042 | 40496 | 19 |
| Tata Motors | 30185 | 24110 | 25 |
| Toyota | 13105 | 8801 | 49 |
| Honda | 6055 | 4767 | 27 |
| MG Motors | 4225 | 3558 | 19 |
| Nissan India | 4259 | 3503 | 22 |
| Skoda India | 3080 | 734 | 320 |
| **Two Wheelers** | | | |
| Royal Enfield | 39290 | 35815 | 10 |
| Hero | 429208 | 441536 | -3 |
| **Commercial Vehicles** | | | |
| Volvo Eicher | 4271 | 2438 | 75 |
| Tata Motors | 21796 | 19594 | 11 |
| Maruti Suzuki | 2768 | 1916 | 44 |




# टाटा मोटर्स ने लांच की ऐस ड्रिम...



टाटा मोटर्स ने कहा कि उसने अपने छोटे वाणिज्यिक वाहन (एससीवी), ऐस गोल्ड पेट्रोल सीएक्स का एक नया संस्करण पेश किया है, जिसकी कीमत 3.99 लाख रुपये (एक्स-शोरुम) से शुरु होती है। यह दो संस्करण में उपलब्ध है। फ्लैट बेड संस्करण की कीमत 3.99 लाख रुपये है, जबकि डेक लोड बॉडी संस्करण की कीमत 4.10 लाख रुपये है। टाटा मोटर्स ने कहा कि उसने अपने ग्राहकों को इन मॉडलों की खरीद में मदद के लिए वित्तपोषण का विकल्प प्रदान करने के मकसद से भारतीय स्टेट बैंक के साथ साझेदारी की है। टाटा मोटर्स के उपाध्यक्ष (उत्पादन लाइन-एससीवी और पीयू) विनय पाठक ने कहा कि टाटा ऐस एक मजबूत, विश्वसनीय और बहुद्देशीय वाहन बना हुआ है, जिसने अब तक 23 लाख से अधिक भारतीयों को आजीविका का साधन प्रदान किया है। सरकार की आत्मनिर्भर भारत दृष्टि को प्रतिध्वनित करते हुए, टाटा मोटर्स का लक्ष्य इस वाहन के लॉन्च के माध्यम से एक उद्यमशीलता की मानसिकता को प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि टाटा मोटर्स का ऐस प्लेटफार्म पिछले 16 वर्षों से तेजी से विकसित हुआ है, जो अपने ग्राहकों को अंतिम छोर तक परिवहन सुविधा प्रदान करने के संदर्भ में सुरक्षित, स्मार्ट और मूल्यवान पेशकश लाने पर केंद्रित है। कम्पनी ने कहा कि टाटा ऐस गोल्ड पेट्रोल सीएक्स संस्करण एकमात्र चार-पहिया एससीवी है जो 2-सिलेंडर इंजन द्वारा संचालित है और भारत में इस वाहन का वजन 1.5 टन के आसपास है जो चार लाख रुपये मूल्य बिंदु से नीचे में उपलब्ध है। मॉडल 694 सीसी पेट्रोल इंजन द्वारा संचालित है जो चार-स्पीड ट्रांसमिशन के साथ है। इसका उपयोग फलों, सब्जियों और कृषि उत्पादों, पेय पदार्थो और बोतलों, एफएमसीजी और एफएमसीडी सामान, ई-कॉमर्स, डेयरी, फार्मा और खाद्य उत्पादों को अंतिम गंतव्य तक पहुंचाने के लिए किया जा सकता है। टाटा मोटर्स ने अब तक देश में कुल 23 लाख टाटा ऐस इकाई की बिक्री की है।

## टॉप ऑटो कम्पनियों.... (पृष्ठ 50 का शेष)

टाटा मोटर्स ने भी जुलाई 2021 में अपनी वृद्धि की गति को बनाए रखा। घरेलू बाजार में उसकी पैसेंजर व्हीकल्स की सेल्स जुलाई में 30,185 यूनिट्स रही जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 15,012 यूनिट्स थी। एमजी मोटर इंडिया की खुदरा सेल्स भी दोगुनी होकर 4,225 यूनिट्स की रही। एमजी मोटर ने इससे पिछले वर्ष के इसी महीने के दौरान 2,105 यूनिट्स की सेल्स की थी। कम्पनी ने जुलाई 2021 के दौरान बिजली से चलने वाली अपने इलेक्ट्रिक व्हीकल जेडएस (ईवी) की रिकॉर्ड सेल्स की और उसके साथ ही उसे रिकाड बुकिंग हासिल हुई। एमजी मोटर इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राजीव छाबा ने एक ट्वीट में कहा, ''बहुत सारे लोग भारत में बिजली से चलने वाले वाहनों की क्षमता के बारे में पूछते है। मेरा मानना है कि लोग तैयार हैं और उन्हें ओईएम (मूल उपकरण विनिर्माता) से अच्छे समाधान/विकल्प चाहिए। हमें जुलाई में जेडएस ईवी की रिकॉर्ड बुकिंग मिली।'' वहीं एमजी मोटर इंडिया के निदेशक (सेल्स) राकेश सिदाना ने कहा कि जुलाई के दौरान हेक्टर और जेडएस ईवी की सेल्स ने और रफ्तार पकड़ी। होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) ने भी जुलाई में घरेलू बाजार में 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 6,055 यूनिट्स बेचीं। इससे पिछले साल इसी महीने में कम्पनी ने 5,383 यूनिट्स बेचीं थी। निसान ने भी जुलाई 2021 में अपनी घरेलू सेल्स में कई गुना वृद्धि दर्ज की । कम्पनी ने 4,259 यूनिट्स की सेल्स की जो पिछले साल इसी महीने में 784 यूनिट्स थी। वहीं स्कोडा ऑटो की वाहन सेल्स जुलाई में तीन गुना होकर 3,080 यूनिट्स पर पहुंच गई। एक साल पहले इसी महीने में कम्पनी ने 922 व्हीकल्स बेचे थे। चेक कार कम्पनी ने कहा कि उसकी व्हीकल सेल्स में हाल में पेश कॉम्पैक्ट एसयूवी कुशाक का अच्छा योगदान रहा। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक जाक होलिस ने कहा कि नए वाहन पेश करने की वजह से कम्पनी मूल्य श्रृंखला में रफ्तार कायम रखने में सफल रही। उन्होंने कहा, ''डीलरशिप पर अब ग्राहकों की आवाजाही बढ़ रही है। ग्राहकों की पूछताछ भी बढ़ रही है। देशभर में डीलरों की ओर से नए डीलरशिप के लिए आग्रह में भी कई गुना की वृद्धि हुई है।''








# भारत में कार-विद्युतीकरण की यात्रा से उत्साहित है

# मर्सिडीज बैंज, ऑडी

Mercedes-Benz

Audi

लग्जरी कार विनिर्माता कंपनियां ऑडी और मर्सिडीज-बेंज भारत में यात्री वाहनों के विद्युतीकरण की यात्रा को लेकर काफी उत्साहित हैं। भारत में अब और राज्य ऐसी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीतियां लेकर आ रहे हैं जो इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहनों को प्रोत्साहन देने वाली हैं। कम्पनी के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इन कंपनियों का कहना है कि केन्द्र की फेम-दो योजना के तहत हालांकि व्यक्तिगत यात्री वाहनों को सीधे लाभ की पेशकश नहीं की गई है लेकिन इलेक्ट्रिक कारों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में पांच प्रतिशत के प्रोत्साहन जैसे कदमों से मदद मिलेगी।

ऑडी ने भारत में अपनी विद्युतीकरण की यात्रा शुरू कर दी है। कम्पनी ने पिछले सप्ताह ई-ट्रॉन ब्रांड के तहत तीन इलेक्ट्रिक एसयूवी उतारी हैं। वहीं मर्सिडीज-बेंज पिछले साल अक्टूबर से अपनी पूर्ण इलेक्ट्रिक एसयूवी ईक्यूसी की बिक्री कर रही है। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि मौजूदा समय में कुल नीति दोपहिया और तिपहिया वाहनों को प्रोत्साहन देने पर केंद्रित है। हालांकि, कई राज्य सरकारें इलेक्ट्रिक कारों पर भी प्रोत्साहन देने के लिए आगे आ रही हैं। ढिल्लों ने कहा, ''जब राज्यों ने पहले ही यह घोषणा कर दी है कि कारों के पंजीकरण पर कोई लागत नहीं लगेगी। ऐसे में आप जानते हैं कि इलेक्ट्रिक कारों पर जीएसटी पांच प्रतिशत है। ऐसे में सरकार पहले ही कुछ प्रोत्साहन दे चुकी है। इससे लग्जरी कार कंपनियां भी इलेक्ट्रिक खंड में कारें बेचने को लेकर प्रोत्साहित होंगी। ये निश्चित रूप से सकारात्मक कदम है।'' हाल में गुजरात और महाराष्ट्र ने अपनी ईवी नीतियों की घोषणा की है। गुजरात सरकार ने ई-दोपहिया, ई-तिपहिया और ई-चार पहिया वाहनों पर केंद्र सरकार की ओर से दी जाने वाली सब्सिडी के ऊपर 10,000 रुपये/केडब्ल्यू के मांग प्रोत्साहन की पेशकश की है। इसके तहत इन वाहनों के लिए अधिकतम फैक्टरी मूल्य 1.5 लाख रुपये, पांच लाख रुपये और 15 लाख रुपये तय किया गया है। वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र सरकार 10,000 इलेक्ट्रिक कारों पर 5,000 रुपये/केएचडब्ल्यू के मांग प्रोत्साहन की पेशकश कर रही है। पिछले साल दिल्ली सरकार ने अपनी ईवी नीति के तहत कई प्रोत्साहनो की पेशकश की थी। इसके अलावा दिल्ली सरकार ने सभी ई-वाहनों पर पथकर और पंजीकरण शुल्क की छूट देने की घोषणा की थी। व्यक्तिगत यात्री वाहनों के विद्युतीकरण से उत्साहित ढिल्लों ने कहा कि निश्चित रूप में भारत में इलेक्ट्रिक भविष्य है। विशेषरूप से लग्जरी वाहन श्रेणी में। निश्चित रूप में हम इलेक्ट्रिक कारों पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

इसी तरह की राय जताते हुए मर्सिडीज-बेंज इंडिया के उपाध्यक्ष (बिक्री एवं विपणन) संतोष अय्यर ने कहा, ''मर्सिडीज-बेंज भारतीय ग्राहकों के लिए अपने उत्पादों में वैश्विक पोर्टफोलियो को नई प्रौद्योगिकियों को लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।'' कम्पनी भारत में ईक्यूसी को लेकर उपभोक्ताओं की सकारात्मक प्रक्रिया से काफी संतुष्ट है। अय्यर ने कहा ''हमारे पास ईक्यूसी के लिए पहले ही बड़ा ऑर्डर है। इससे पता चलता है कि भारत में पहली लग्जरी ईवी के लिए ग्राहकों में उत्साह है। ईक्यूसी की अगली खेप सितंबर तक आने की उम्मीद है।''

ANK®
U. J. CROSS
Specialist In
All Kind of U.J.Cross Kits
Prop. Shaft Components
Steering Cross Assy.
Wheel Spanners



Since : 1987
ANKIT AUTO AGENCY
197, Prem Gali, Punja Sharif, Kashmere Gate, Delhi-110 006
Phone: (O) 011-45784542 Cell : 09999257596
Customer Care : # 9810163039
Email : ankcross@yahoo.co.in
Works: Sector-5, D.S.I.D.C. Industrial Area, Bawana, Delhi-110 039

# Continental Tires launches 'Conti Bharosa'




***5-year warranty on all truck and bus tyres including casing warranty on first retread***

Continental Tires has launched 'Conti Bharosa', an industry-leading warranty program that provides a 5-year warranty policy for truck and bus tyres, ensuring a deeper commitment to its customers. Conti Bharosa also covers the first retread for normal load applications.

The Conti Bharosa program offers warranty coverage against any manufacturing defects for a period of 5 years against the coverage of 2 to 3 years, which has traditionally been provided by tyre manufacturers in India. In addition, Conti Bharosa also covers the second life of tires by warranting against any manufacturing defects after the first retread for tyres used in normal load applications.

Continental's commercial vehicle tyres are renowned globally for their class-leading casing strength and retread ability which strongly complement the usage patterns in the Indian trucking industry. Retreading is a common industry practice globally and is fast catching up in India as well. The practice of retreading can potentially save more than 50 percent of the cost of a new tyre. However, it is often ignored in traditional warranty programs. By offering a casing warranty even after the 1st retread Continental is demonstrating its confidence in its casing strength and durability.

Given the varied range of road conditions, commercial vehicle tyres in India typically have a lifespan of 2 to 3 years. The tyre replacement cycle is also longer, leading to their usage far beyond the typical lifespan. Through Conti Bharosa, Continental Tires intends to assure its consumers about its long-term commitment allowing them to focus more on the safety and reliability of their vehicles and drivers.


"Through Conti Bharosa, we offer peace of mind to all our customers. The 5-year warranty policy, which covers 1st retread for tyres used in normal load applications, enforces the reliability and superior quality of Continental products. The additional features of the program also offer support to our consumers, by increasing the average lifespan of tyres and ensuring more safety on the road," said Claude d'Gama Rose, Managing Director, Continental Tires India.




***Claude d'Gama Rose, (Managing Director,) Continental Tires India***

"Commercial vehicles in India typically cover thousands of kilometers in a day. Tyres are crucial to the driver and other vehicles' safety on the road. In these trying times, Conti Bharosa reinforces our strong commitment to fleet owners and operators by offering support beyond the traditional lifespan thus maximizing safety and profitability for fleets" – Shantanu Roy, Head Sales & Marketing Commercial Vehicle Tyres, said on the launch of the program.

**Manufacturer of All Kinds of Steel Wire Springs**



**Specialist in TATA 1210, SE 1510, 1612, TC, EX 709, 407, 608, 1109 Turbo & Leyland All Models**

**BAJRANG SPRING**

197/4, Prem Gali, Punja Shariff, Kashmere Gate, Delhi-110 006 E-mail : bajrangspring01@gmail.com
Contact : Mr. K. K. Gupta # 09891368821 Mr. Madhur Gupta # 09958890903

## TATA

## टाटा मोटर्स ने नई सफारी की 10,000वीं यूनिट लांच की

देश की प्रमुख ऑटो कम्पनी टाटा मोटर्स ने कहा कि उसने अपनी एसयूवी सफारी के नए संस्करण की 10,000वीं इकाई उतारी है। टाटा मोटर्स ने एक बयान में कहा कि फरवरी 2021 में 100वीं इकाई बाजार में उतारने के बाद नई सफारी की अंतिम 9,900 इकाइयां कम्पनी के पुणे संयंत्र में चार महीने से भी कम समय में तैयार हुई। टाटा मोटर्स के अध्यक्ष (यात्री वाहन कारोबार इकाई) शैलेश चंद्रा ने कहा, ''हमने कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के मद्देनजर लगाए गए प्रतिबंधों के बीच यह मुकाम हासिल किया है।''

MSL
MSL CLUTCH & COMPONENTS
KANSAL AUTO TRADERS
123, Gurunanak Auto Market
Kashmere Gate, Delhi-110 006
Phone: (O) 011-49402354
Mobile: 9811031573, 9811031547

# Volvo Trucks India delivers 1000th truck to Mahalaxmi Group

In a landmark moment, Volvo Trucks India has delivered the 1000th truck to one of its long-term valued customers, Mahalaxmi Group. The 1000th vehicle, a Volvo FMX 460 8×4 truck, was received by Abji Bhai Dholu, Chairman, Mahalaxmi Group, along with the founder directors of the company Mohan Bhai, Shivji Bhai and Hira Bhai in Ahmedabad.

Vinod Aggarwal, MD & CEO, VE Commercial Vehicles, joined the celebrations virtually and congratulated the Mahalaxmi Group for becoming the first Indian company to reach this significant milestone. Boddapati Dinakar, SVP, Sales, Marketing and Aftermarket, Volvo Trucks, India, along with Suresh Chandel and V. Venkateswarlu, were also present at the occasion to handover the truck.



